卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 282 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦20 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सीएम ने अस्पताल में जाना घायलों का हाल

गोपेश्वर (उद संवाददाता)।चमोली हादसे के बाद गुरूवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गोपेश्वर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मरीजों से हाल जाना और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। मरीजों से मिलने के साथ ही सीएम ने मृतकों के परिजनों को ढांढस भी बंधाया। सीएम धामी ने मृतकों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने शवों पर पुष्प चक्र अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति की कामना की। बता दें कि बुधवार को चमोली में बड़ा हादसा हो गया था। नमामि गंगे प्रोजेक्ट की साइट पर करंट फैलने से 16 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 11लोग झुलस (शेष पृष्ठ 7पर)




### कांग्रेसियों ने किया हंगामा

गोपेश्वर। सीएम पुष्कर सिंह धामी पीड़ितों से मिलने जब गोपेश्वर पहुंचे। इस दौरान पुलिस गेस्ट हाउस के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया और वहीं, धरने पर बैठ गए। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी कांग्रेस के विरोध में नारेबाजी शुरू कर दी। इस बीच नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, मनीष खंडूरी और विधायक राजेंद्र भंडारी मुख्यमंत्री से मिले। उन्होंने पीड़ित परिवारों को 25 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। इसके बाद कार्यकर्ता फिर से जिला अस्पताल गेट पर धरना स्थल चले गए। वहां उन्होंने मुख्यमंत्री वापस जाओ के नारे लगाए।

### बंद रहा चमोली का बाजार

चमोली। आज गोपेश्वर पीपलकोटी जोशीमठ कर्णप्रयाग व गोचर समेत पूरे जिले में बाजार बंद रखे गएं। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहां टैक्सियों का संचालन भी बंद रहा। इस बीच गमगीन माहौल में शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

## खुद को एसओजी कर्मी बताकर बोलेरो लूटने वाले तीन दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खुद को एसओजी कर्मी बताकर बोलरो लूटने वाले तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गयी बोलेरो और लूट में प्रयुक्त स्कोर्पियो वाहन बरामद किया है। बता दें 18 जुलाई को डिबडिबा बिलासपुर निवासी कमलेश कश्यप को स्कोर्पिओ में सवार होकर आये तीन लोगों ने इम्पीरियल चौक सिडकुल पर रोक लिया। तीनों लोगों ने खुद को एसओजी कर्मी बताकर बोलेरो कार संख्या यूके 07एएच7187 को अपने कब्जे में ले लिया और लूटकर (शेष पृष्ठ 7पर)



## चमोली हादसे पर कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा,सरकार का पुतला दहन

रूद्रपुर/सितारगंज( उद संवाददाता)। चमोली में करेंट से 16 लोगों की दर्दनाक मौत के लिए सरकारी तंत्र को जिम्मेवार ठहराते हुए कांग्रेसियों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के आहवान पर सरकार का पुतला फूंका और मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई करने की मांग की। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसी बृहस्पतिवार को डीडी चौक पर एकत्र हुए। सर्वप्रथम कांग्रेसियों ने चमोली हादसे में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बाद में कांग्रेसियों ने इस हादसे के लिए सरकार को जिम्मेवार ठहराते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार के पुतले को आग के हवाले किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि चमोली हादसा पूरी तरह सरकार की लापरवाही का नतीजा है। सरकारी तंत्र की घोर लापरवाही के चलते 16 लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी और बीस लोग घायल हो गये। श्री शर्मा ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर नकारा साबित हो रही है। जनता मर रही है और सरकार के लोग (शेष पृष्ठ सात पर)




## फैक्ट्री की लिफ्ट में फंसने से श्रमिक की मौत

### मुआवजे के लिए साथी श्रमिकों ने काटा हंगामा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित डॉल्फिन पीपी ऑटो इन्नोवेटर्स कंपनी में लिफ्ट से कट कर श्रमिक की दर्दनाक मौत हो गयी। श्रमिक की मौत के बाद साथी श्रमिकों ने कंपनी में जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार सिडकुल सेक्टर 2 में स्थित डॉल्फिन पीपी ऑटो इन्नोवेटर्स कंपनी में गुरूवार प्रात: लगभग 9 बजे कंपनी में कार्यरत श्रमिक राहुल निवासी रम्पुरा मूलनिवासी बदायूं उत्तर प्रदेश ड्यूटी के दौरान लिफ्ट में दब गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लिफ्ट में फंसे राहुल को बमुश्किल निकालकर जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। श्रमिक की मौत के बाद साथी श्रमिकों ने फैक्ट्री में जमकर हंगामा काटा। श्रमिकों का आरोप है कि हादसा होने के बावजूद कंपनी प्रबंधन द्वारा अन्य श्रमिकों पर काम जारी रखने के लिए दबाव डाला गया। श्रमिकों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी (शेष पृष्ठ सात पर)



## दस लाख की स्मैक समेत कुख्यात तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में पुलभट्टा पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 105 ग्राम स्मैक के साथ कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत दस लाख आंकी गयी है। खुलासा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थानाध्यक्ष पुलभट्टा और उनकी टीम ने बुधवार रात चेकिंग के दौरान ग्राम सतुईया को जाने वाले रास्ते पर जावेद खान पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी मो0 शेखुपुरा ताज मस्जिद के पास थाना बहेडी जिला बरेली को 105 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकडे गये अभियुक्त जावेद खान ने बताया कि वह बहेडी बस अड्डे में पहले मुंशीगिरी का काम करता था वह काफी समय से स्मैक की तस्करी कर रहा है। थाना बहेडी से वर्ष 2021 में व थाना हल्द्वानी, थाना किच्छा से भी स्मैक तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। उसका एक साथी ताहिर को कुछ दिन पहले एसटीएफ और बहेडी पुलिस ने मिलकर स्मैक (शेष पृष्ठ सात पर)



## सामिया बिल्डर्स के खिलाफ फिर तीन मामले दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।सामिया लेक सिटी के मालिक , निदेशक व अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन और मामले दर्ज हुए हैं। खीम नाथ गोस्वामी पुत्र त्रिलोक नाथ गोस्वामी निवासी निकट शिव मन्दिर कंजाबाग रोड उमरुखुर्द खटीमा ने दर्ज रपट में सामिया इंटरनेशनल बिल्डर्स के विरूद्ध कहा है कि सामिया बिल्डर्स द्वारा उसका फ्लैट बुक करने के उपरान्त उससे 12 लाख रूपये की धनराशि हड़प ली। जब उसने बुक कराये फ्लैट या अदा की गयी धनराशि की मांग की तो उसे जान (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तराखंड की बेटियां हर क्षेत्र में कर रही हैं नाम रोशन: धामी

### वर्ल्ड स्कॉलर्स कप की पदक विजेता छात्राएं मिली सीएम धामी से

देहरादून (उद संवाददाता)। कतार, दोहा में आयोजित वर्ल्ड स्कॉलर्स कप की पदक विजेता वैनटेज हॉल गर्ल्स रेजिडेंशियल स्कूल में अध्ययनरत देश के विभिन्न राज्यों की निवासी छात्राओं ने डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी भारत भूषण चुघ तथा छात्राओं को दोहा कतर ले गई कोर्डिनेटर रितु शर्मा के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उनसे आर्शीवाद लिया। श्री धामी ने सभी छात्राओं को आर्शीवाद देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से देश की बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम विश्व में गौरवांवित कर रही हैं। चाहे शिक्षा हो या खेल, विज्ञान हो या उद्योग। देश की बेटियां अनेक देशों में अपनी अमित छाप छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार (शेष पृष्ठ सात पर)



## कालोनाईजरों के खिलाफ कलेक्ट्रेट में गरजे लोग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प के वार्ड एक में स्थित कृष्णा विहार कालोनी व वनखंडीनाथ फेस 4 के दर्जनों लोगों ने कलैक्ट्रैट में जोरदार प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। रोषित लोगों का कहना था कि नगर निगम में शामिल होने से पूर्व यहां काटी गई आवासीय कालोनियों की प्राधिकरण (शेष पृष्ठ सात पर)



# लोहे की जाली में करंट फैलने से लगा लाशों का ढेर

## परिजनों ने आउटसोर्स एजेंसी और यूपीसीएल की लापरवाही को ठहराया हादसे का जिम्मेदार

देहरादून/चमोली(उद ब्यूरो)। चमोली से एम्स ऋषिकेश एयर लिफ्ट कर लाए गए छह लोगों के साथ पहुंचे परिजनों ने नमामि गंगे के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन करने वाली आउटसोर्स एजेंसी और यूपीसीएल को दर्दनाक घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। हांलाकि करंट की चपेट में आने वाले लोगों की मौत को लेकर कई तरह के सवाल उठाये जा रहे है। प्लाट में हुए हादसे के बाद वहां पहुंचे बाहरी लोगों की भीड़ बढ़ने से बड़ा हादसा हो सकता था। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात को हरमनी गांव के युवक की प्लांट परिसर में मौत हो गई थी। सूचना मिली तो ग्रामीण सुबह प्लांट गए। मृतक के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा और उसके भाई को सरकारी नौकरी देने के लिए प्रदर्शन करने लगे। विरोध देख स्थानीय प्रशासन और पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंचे थे। वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी ने करंट से लोगों की मौत के मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों को घटना की विस्तृत और गहन जांच के भी निर्देश दिए। उन्होंने डीएम चमोली से घटना की जानकारी ली। हादसे की जांच एडीएम प्रशासन अभिषेक त्रिपाठी को सौंपी गई है। सीएम धामी ने कहा कि घायलों को देहरादून लाया गया है। उनके इलाज में कोई कमी नहीं होगी। उनके लिए हेलिकॉप्टर भेजा गया है। गंभीर रूप से घायल जल संस्थान के जेई संदीप मेहरा और सुशील कुमार को हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। वहीं, सीएम धामी चमोली के लिए रवाना हो गए थे। लेकिन मौसम खराब होने के कारण उनका हेलीकॉप्टर टिहरी से वापस लौट गया। गौरतलब है कि एसटीपी प्लांट को जाने वाले चार फीट के प्लेटफार्म में वहां खड़े कई लोग सूखे पत्तों की तरह जलने लगे। उन्हें इस तरह आग की लपटों में घिरा देख वहां मौजूद भीड़ में चीख पुकार मच गई। सकरे रास्ते में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर गिरने लगे। किसी ने रैलिंग पकड़ी थी तो किसी ने पोल का सहारा लिया। कुछ सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। हर जगह करंट था। बिजली के करंट के रूप में दौड़ी मौत ने वहां लाशों का ढेर लगा दिया। इसके बाद का नजारा जिसने देखा उसके पैरों तले की जमीन निकल गई। अलकनंदा नदी के किनारे बने इस एसटीपी प्लांट को जाने वाला रास्ता वहां सेफ्टी वॉल (सुरक्षा दीवार) के ऊपर बना है। यह बमुश्किल चार फीट चौड़ा और 30 मीटर लंबा रास्ता है। इसके दोनों ओर लोहे की जाली की रेलिंग लगी है। इसके साथ ही लोहे के चार खंभों के सहारे प्लांट तक एक पाइप पहुंचाया गया है। सुबह के वक्त यहां स्थानीय लोग ऑपरेटर की तलाश में पहुंचे थे। ऑपरेटर यहां लोहे की सीढ़ियों के पास इसी चार फीट के प्लेटफार्म पर पड़ा था। एक के बाद एक यहां लोगों की भीड़ लग गई। चौकी प्रभारी प्रदीप रावत भी वहां कुछ सिपाहियों और होमगार्ड के साथ पहुंचे थे। छोटी सी जगह पर तकरीबन 35 लोग वहां जमा हो गए। मौत जैसे उन्हें चुपके से देख रही थी। अचानक वहां लोहे की सीढ़ियों के पास हाई वोल्टेज करंट दौड़ गया। जिसने भी प्लांट के प्लेटफार्म के बाद जाली वाले रास्ते में जाली पर टच किया, वह जमीन पर गिर कर झुलस गया और घायल हो गया। किसी ने इसका वीडियो भी बना लिया जो खूब वायरल हुआ।







## नमामि गंगे परियोजना के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में 11000 वोल्ट की हाई वोल्टेज बिजली सप्लाई होने से हुआ हादसा

चमोली। उत्तराखंड के चमोली कस्बे में नमामि गंगे परियोजना के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी प्लांट) में हाई वोल्टेज करंट दौड़ने से वहां मौजूद 16 लोगों की मौत हो गई। जबकि 11 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में छह को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मरने वालों में पीपलकोटी के पुलिस चौकी इंचार्ज, एक ग्राम प्रधान, तीन होमगार्ड सहित अन्य लोग शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चमोली-गोपेश्वर मोटर मार्ग पर अलकनंदा पुल से एसटीपी के लिए संकरा रास्ता जाता है। यह रास्ता सड़क से करीब 100 मीटर की दूरी तक सीधा है। इसके बाद तीन सीढ़ी ऊपर चढ़ने के बाद दो मीटर का सीधा रास्ता है, फिर चार सीढ़ी ऊपर चढ़ने के बाद एटीपी का दरवाजा है। दरवाजे के समीप ही इन्हीं चार सीढ़ियों पर ऑपरेटर मृत अवस्था में पड़ा मिला था। इस पूरे रास्ते के नदी साइड लोहे के एंगल और जाली लगी हैं। जल संस्थान के ईई संजय श्रीवास्तव ने बताया कि जब उनका जेई और पुलिस की टीम एसटीपी के बिजली ऑपरेटिंग रूम में गई तो, वहां एक पैनल में आग लगी थी।सुबह साढे 10 बजे तक घटनास्थल पर ग्रामीण, पुलिस कर्मी व परिजनों समेत करीब 30 लोग मौजूद थे। एसडीपी के समीप दो मीटर वाले रास्ते व सीढ़ियों में सभी लोग खडे थे।अचानक हाई वोल्टेज करंट दौड़ा, जिससे एक के बाद एक व्यक्ति जमीन पर गिरते चले गए और वहीं उनकी मौत हो गई। कुछ लोग जो थोड़ी दूरी पर थे, वे वहां से भाग गए और कुछ लोग घायल हो गए। एसटीपी का संचालन करने वाली कॉन्फिडेंट इंजीनियरिंग कंपनी के प्रबंधक भाष्कर ने बताया कि प्लांट में 415 वोल्ट बिजली सप्लाई होती है। बुधवार को सुबह अचानक प्लांट में 11000 वोल्ट बिजली सप्लाई हुई। जिसके बाद यह हादसा हुआ। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना ने बताया कि एसटीपी में थ्री फेस बिजली सप्लाई होती है। मंगलवार को देर शाम एक फेस की बिजली बंद हो गई थी, जिससे चमोली सहित आस-पास के क्षेत्र में बिजली की लो वोल्टेज हो गई थी। बुधवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे बिजली का फाल्ट सही किया गया। प्लांट के ट्रांसफार्मर और प्लांट के मीटर तक बिजली सुचारू हुई थी। उसके बाद का फाल्ट प्लांट की इंटरनल लाइन पर आया।

## उपनिरीक्षक प्रदीप रावत सहित तीन होमगार्डों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

चमोली। उत्तराखण्ड पुलिस के उपनिरीक्षक श्री प्रदीप रावत चौकी प्रभारी पीपलकोटी का चमोली में हुई दुखद: घटना में असामयिक निधन हो गया। उनके द्वारा ड्यूटी के दौरान कर्तव्य की बलि-वेदी पर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। मूल रुप से रूद्रप्रयाग जनपद निवासी उपनिरीक्षक प्रदीप रावत वर्ष 2002 बैच में आरक्षी व 2011 बैच में उपनिरीक्षक के पद पर जनपद पौड़ी, देहरादून व चमोली में नियुक्त रहकर पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दी गई। उ0नि0 प्रदीप रावत बहुत ही मृदुभाषी एवं मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे उनका इस तरह अचानक चला जाना पुलिस परिवार की बहुत बड़ी क्षति है। चमोली पुलिस परिवार द्वारा पुलिस लाइन गोपेश्वर में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान डा0 धन सिंह रावत प्रभारी मंत्री चमोली, कर्णप्रयाग विधायक श्री अनिल नौटियाल, विधायक थराली श्री भूपाल राम टम्टा, विधायक बद्रीनाथ श्री राजेन्द्र भण्डारी, जिलाधिकारी चमोली श्री हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक चमोली श्री प्रमेन्द्र डोबाल, मुख्य विकास अधिकारी डा0 ललित नारायण मिश्र, अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी, पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग श्री अमित सैनी, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन सुश्री नताशा सिंह व पुलिस उपाधीक्षक चमोली श्री प्रमोद शाह द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।



**नाम पता मृतक**-उप निरीक्षक प्रदीप रावत चौकी प्रभारी पीपलकोटी कोतवाली चमोली होमगार्ड मुकुंदी राम पुत्र श्यामदास निवासी हरमनी चमोली उम्र 55 होमगार्ड गोपाल पुत्र माधव सिंह निवासी ग्राम रूपा चमोली उम्र 57 वर्ष होमगार्ड सोबत लाल निवासी ग्राम पाडुली गोपेश्वर चमोली। सुमित पुत्र स्व0 चंद्र सिंह निवासी ग्राम रांगतोली चमोली उम्र 25 वर्षसुरेंद्र पुत्र विजय लाल निवासी हरमनी चमोली उम्र 33 वर्ष देवी लाल पुत्र असीम दास निवासी हरमनी उम्र 45 वर्ष योगेंद्र सिंह पुत्र महिपाल सिंह निवासी हरमनी सुरेंद्र सिंह रावत पुत्र स्वर्गीय गोपाल सिंह निवासी हरमनी उम्र 38 वर्षविपिन पुत्र सोबत निवासी पाडुली गोपेश्वर उम्र 26 वर्ष मनोज कुमार निवासी हरमनी चमोली उम्र 38 वर्ष सुखदेव पुत्र ऐलमदास ग्राम रंगतोली चमोली उम्र 33 वर्षप्रमोद कुमार पुत्र सुदामा लाल निवासी हरमनी चमोली दीपू कुमार पुत्र महेंद्र लाल निवासी हरमनी उम्र 33 वर्ष महेंद्र लाल निवासी हरमनी उम्र 48 वर्ष गणेश पुत्र महेंद्र लाल निवासी हरमनी उम्र 27 वर्ष **नाम पता घायल:** महेश कुमार पुत्र रूपदास निवासी खौनुरी चमोली उम्र 32 वर्ष नरेन्द्र लाल पुत्र असीम दास निवासी हरमनी - उम्र 35आनंद पुत्र गम्मालाल, पाटुली गोपेश्वर उम्र 42 धीरेन्द्र पुत्र राजेन्द्र निवासी चमोली उम्र 41 पवन राठौर पुत्र उदय सिंह निवासी चमोलीसुशील कुमार पुत्र सुदामा लाल निवासी हरमनी चमोली उम्र 27 सन्दीप मेहरा पुत्र सुलोचन निवासी रूद्रप्रयाग उम्र 34 पी0आर0डी रामचन्द्र पुत्र पुष्कर लाल निवासी खैनुरी चमोली उम्र 48 वर्ष सुशील खत्री पुत्र दौलत सिंह निवासी रांगतौली चमोली उम्र 27 वर्ष जयदीप पुत्र हरीश निवासी हरमनी चमोली उम्र 20 वर्ष।

## कांग्रेस नेताओ ने की 50 लाख और आश्रितों को नौकरी देने की मांग

चमोली। एसटीपी के प्लांट में करंट सेमारे गये लोगों को मुआवजा देने के साथ ही घटना की जांचको लेकर विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं ने सरकार से उच्चस्तरीय और विस्तृत जांच कर कार्यवाही करने की माग की है। वहीं हादसे में मारे गए लोगों के लिए कांग्रेस ने 50 लाख और नौकरी देने की मांग की है। इसके साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने राज्य सरकार से इस दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच करवाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत सहित कई कांग्रेस नेताओंने चमोली में करंट लगने से घायल हुए लोगों का गोपेश्वर हॉस्पिटल पहुंचकर उनका हाल- चाल जाना एवं हादसे में काल कल्वित हुये लोगों के परिजनों से भेंट की। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि चमोली में हुई अत्यंत हृदय विदारक दुर्घटना के संबंध में कांग्रेस नेतागणों के साथ चमोली जिलाधिकारी श्री हिमांशु खुराना , पुलिस अधीक्षक और चमोली सीएमओ से मुलाकात कर उनको घटना की पुख्ता जांच और अन्य बातों पर भी तुरन्त करवाई के लिए अनुरोध किया। दुर्घटना के संबंध में कांग्रेस नेतागणों के साथ चमोली जिलाधिकारी श्री हिमांशु खुराना जी, चमोली एसएसपी और चमोली सीएमओ से मुलाकात की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल विधायक राजेंद्र भंडारी ,मनीष खंडूरी, पूर्व विधायक मनोज रावत ी,मुकेश नेगी आदि लोग मौजूद रहे।



# लापरवाही के जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा:धामी

## पीएमओ और केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट,प्लांट और पंपिंग स्टेशनों का सेफ्टी ऑडिट कराने के आदेश

देहरादून/ऋषिकेश(उद संवाददाता)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से चमोली घटना के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने एम्स ऋषिकेश पहुँचकर जनपद चमोली की घटना में घायल हुए छह लोगों का हाल-चाल जाना। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित इलाज के संबंध में एम्स के चिकित्सकों से भी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने घायलों के इलाज में कोई कमी न रहे, इसकी भी चिकित्सकों से अपेक्षा की। मुख्यमंत्री घटना की जानकारी प्राप्त होते ही चमोली के लिए रवाना हो गये थे, किन्तु मौसम की खराबी के कारण उन्हें वापस आना पड़ा। उसके बाद मुख्यमंत्री ने एम्स, ऋषिकेश जाकर घायलों का हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस घटना की विस्तृत जांच के साथ ही इसमें पाई जाने वाली लापरवाही के जिम्मेदार लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री जिला प्रशासन से हर अपडेट की जानकारी ले रहे हैं। एम्स, ऋषिकेश में भर्ती घायलों में महेश कुमार पुत्र रूपदास, नरेन्द्र लाल पुत्र असीम दास, आनन्द पुत्र गम्मालाल, सुशील कुमार पुत्र सुदामा लाल, सन्दीप मेहरा पुत्र सुलोचन, पी.आर.डी. रामचन्द्र पुत्र पुष्कर लाल शामिल हैं। चमोली में नमामि गंगे परियोजना के एसटीपी में करंट फैलने से 16 लोगों की मौत व 11 के घायल होने के मामले में प्रधानमंत्री कार्यालय और केंद्रीय गृह मंत्रालय को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरा ब्योरा दिया। मुख्यमंत्री ने घटना की जानकारी के साथ ही शासन और प्रशासन स्तर पर की गई गई कार्रवाई और दिशा-निर्देशों के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री को बताया कि जिलाधिकारी को घटना के मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए गए हैं। घायलों को एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश लाया गया है। सीएम ने डॉक्टरों से अपेक्षा की कि घायलों के इलाज में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। इस बाबत एम्स प्रबंधन से भी बात की। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति और उनके परिजनों को दुख में धैर्य प्रदान करने की कामना की। वहीं चमोली हादसे की घटना के बीच मानसून सीजन में करंट लगने की घटनाओं के खतरे के मद्देनजर सचिव पेयजल ह्यांकी ने पेयजल निगम के प्रबंध निदेशक और जल संस्थान के मुख्य महाप्रबंधक को प्रदेश के सभी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पेयजल पंपिंग प्लांट व अन्य ऐसे आस्थान, जहां बिजली आपूर्ति की प्रमुख भूमिका रहती है, उनमें विद्युत सुरक्षा संबंधी उपाय सुनिश्चित करने को कहा है। अपने आदेश में उन्होंने सभी प्लांट में सक्षम तकनीकी विशेषज्ञों की मदद से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्थाओं में सुरक्षा मानकों की उपलब्धता परीक्षण (सेफ्टी ऑडिट) एक सप्ताह के भीतर कराने को कहा है। उन्होंने सप्ताह भर में इसकी रिपोर्ट देने को कहा है।



# पंजाबी जनकल्याण समिति के पदाधिकारियों ने ली शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को भाजपा नैनीताल जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व पूर्व भाजपा नैनीताल जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट ने शपथ दिलाई । हल्द्वानी पंजाबी जनकल्याण समिति के वर्ष 2023 - 2025 के कार्यकाल के लिए संरक्षक मंडल द्वारा आम सभा में सहमति से प्रदीप कक्कड़ को अध्यक्ष, संजीव आनंद को उपाध्यक्ष, मुकेश ढींगरा को महामंत्री, उमंग वासुदेवा को संयुक्त सचिव एवं अवनीश राजपाल को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। जिसकी शपथ अतिथियों द्वारा दिलाई गई। इस दौरान मेयर जोगेंद्र रौतेला व अन्य अतिथियों का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सत्कार किया गया । संस्था द्वारा नवगठित टीम को नियुक्ति पत्र देते हुए विश्वास जताया कि नवगठित टीम पूर्व की भांति संस्था के नियमों को सर्वोपरि रखते हुए संस्था एवं सामाजिक हितों में कार्य करती रहेगी ।अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़ व महामंत्री मुकेश ढींगरा ने बताया कि संस्था लोहड़ी, वैशाखी व अन्य सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों को ध




ूमधाम से मनाएगी। उपाध्यक्ष संजीव आनंद, संयुक्त सचिव उमंग वासुदेवा व कोषाध्यक्ष अवनीश राजपाल ने बताया कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाया जाएगा।संस्था समय-समय पर रक्तदान शिविर, फ्री मेडिकल कैंप, वृक्षारोपण कार्यक्रम जैसे अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है । कार्यक्रम का संचालन हरिमोहन अरोड़ा मोना व चंद्रशेखर वर्मा ने किया । संस्था द्वारा सरदार परमजीत सिह पम्मा को पगड़ी सेवा के लिए सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में संरक्षक कश्मीरी लाल साहनी, सुभाष मोंगा, रमेश सडाना, अविनाश सेठी, नरेंद्र साहनी, , महेश आहूजा, डॉ अतुल राजपाल, महेश आहूजा, राजीव बग्गा, किशनलाल राजपाल, विनय विरमानी, जगमोहन साहनी, संजय बग्गा, राजू आनंद, अशोक राजपाल, सुनील सूरी, सचिन साहनी, अंकुर मोंगा, ज्ञान स्वरूप ग्रोवर, अमित राजपाल, पुनीत साहनी, गौतम साहनी, पंकज आनंद, अतुल वर्मा, रोहित बजाज, अजय गुम्बर, सवित सडाना, पंकज साहनी, पंकज गुंबर, नरेंद्र खनेजा, सुनील अरोड़ा, जयदीप साहनी, अशोक सडाना, सुशील साहनी, बलदेव गिरधर, प्रतीक सडाना, अंकुर ओबेरॉय, विशाल साहनी, प्रतीक सचदेवा, पीयूष साहनी, जितेश अरोड़ा, संजय गिरधर, सोनू पुरी, कमल राजपाल, विजय बत्रा, गुलशन गिलानी, सुमित कपूर, विक्रम मनचंदा, अभिषेक सडाना, सन्नी विरमानी, अशोक कपूर, अभिषेक आनंद, ईशांत विरमानी, संचित सेठी, आदि मौजूद रहे ।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
116 FOUNDATION DAY
जनता के लिये हमेशा सराहनीय कार्य करने वाली बैंक ऑफ बड़ौदा की vkok I fodk I ’kk[kk icU/kd uhfdrk cjkM ,o I eLr cid LVkQ को बैंक ऑफ बड़ौदा के 116वें स्थापना दिवस की बहुत-बहुत बधाई
किशोर अरोरा
,eMh]xkYMu , tU I h]आवास-विकास,रूद्रपुर

# चमोली में हुए हादसे पर केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट ने जताया शोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने चमोली जनपद में हुई दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवारों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। तथा घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।श्री भट्ट ने कहा कि जनपद चमोली में बिजली के करंट लगने से हुई घटना बेहद दुखदाई है। इस दुख की घड़ी में सरकार पूरी तरह शोक संतप्त परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। श्री भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही मृतकों के परिजनों को तात्कालिक सहायता पांच -पांच लाख ध्दिए जाने की घोषणा भी की है तथा घायलों को एक -एक लाख ध्दिए जाने की घोषणा की है। इसके अलावा घायलों का उपचार सरकार तत्परता के साथ करा रही है श्री भट्ट ने कहा कि संकट की घड़ी में दुर्घटना में प्रभावित लोगों के आश्रितों के साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और इस घटना में घायल लोगों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

# अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में अपर पुलिस महानिदेशक अमित सिन्हा ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें ऑल इंडिया मास्टर्स क्लासिक पावर लिफ्टिंग



चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।राज्यपाल ने कहा की अपर पुलिस महानिदेशक जैसे चुनौतीपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतना प्रशंसनीय है। उन्होंने इस उपलब्धि को युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बताया। श्री सिन्हा ने हाल ही में विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित ऑल इंडिया मास्टर्स क्लासिक पावर लिफ्टिंग चौंपियनशिप (120 किलोग्राम भार वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता है। उनका चयन मंगोलिया में आयोजित होने वाली विश्व चौंपियनशिप के लिए भी हो गया है।

# पौधे लगाकर मनाया हरेला उत्सव

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। व्यापार मंडल के महामंत्री सचिन छाबड़ा ने नगर निगम रुद्रपुर के वार्ड 1 की विभिन्न कालोनियों में पौधारोपण करके हरेला उत्सव मनाया।इस दौरान उनके साथ वार्ड के बुजुर्ग, युवा महिलाएं एवं बच्चे भी मौजूद रहे। पौधारोपण के बाद छाबड़ा ने वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ हमारी



पृथ्वी और इसके परिस्थितिकी तंत्र के लिए बेहद जरूरी है। पेड़ों के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को हरी-भरी पृथ्वी सौंप सकें और इसके लिए हमें स्वयं तो वृक्षारोपण करना ही चाहिए साथ ही बच्चों को भी पेड़ पौधों के महत्व और आवश्यकता का समुचित ज्ञान समय रहते देना चाहिए। पौधारोपण के इस कार्यक्रम में छाबड़ा के साथ वीरेंद्र यदुवंशी, देवेंद्र भट्ट, आदित्य अवस्थी, देवेंद्र गिरी ,ओम प्रकाश वर्मा, कैलाश वर्मा, कार्तिक छाबड़ा, डॉक्टर राजेश, मनोरंजन, रत्नेश आदि ने भी प्रतिभाग किया।

# वैन में पकड़ी बीस पेटी अंग्रेजी शराब

अल्मोड़ा( उद संवाददाता) नशे के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत सोमेश्वर पुलिस ने एक वाहन से 20 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु के निर्देश पर नशे की तस्करी के खिलाफ नियमित रुप से चल रहे चैंकिग अभियान के तहत थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी के नेतत्व में पुलिस टीम को चेकिंग



अभियान के दौरान कलेत, मनान के पास एक ओमिनी वैन संख्या-यू0के0 1सीए 0418 संदिग्ध खड़ी दिखाई दी। शक होने पर वाहन की तलाश ली गयी तो वाहन से सफेद प्लास्टिक के कट्टों में कुल 20 पेटी अवैध अग्रेजी शराब बरामद हुई। बरामद अवैध शराब के आधार पर थाना सोमेश्वर में अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष सोमेश्वर विजय नेगी ने बताया कि संदिग्ध वाहन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जा रही है तथा अभियुक्त की तलाश जारी है। टीम में महिला उपनिरीक्षक मोनी टम्टा, हेड कांस्टेबल विरेन्द्र चन्द्र, कुन्दन लाल आदि भी शामिल थे।

# नदी में डूबे युवक के परिजनों को बंधाया ढांढस

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने रमपुरा स्थित निचाल इमली मोहल्ले के राजेंद्र कोली के अचानक नदी के तेज बहाव में आने और बह जाने की खबर सुनते ही रम्पुरा पहुंची, जहां उन्होंने उनके परिजनों से मुलाकात की और दुख की घड़ी में उन्हें ढांढस बंधाया, श्रीमती शर्मा ने कहा कि रमपुरा में हुई इस घटना ने उन्हें अंदर तक



झकझोर दिया है, और वह इस घटना के बाद से बहुत दुखी हैं स कांग्रेस नेत्री ने कहा कि नदी में अचानक तेज बहाव के कारण रमपुरा निवासी राजेंद्र कोली बह गए थे,और कहीं लापता हो गए। कांग्रेस नेत्री ने प्रशासन से दूरभाष पर बात कर एसडीआरएफ की टीम को बढ़ाने की मांग की। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा शंकर कोली, राजू कोली, मान सिंह, गब्बर कोली, यादो देवी, विठोला देवी, आशा कोली, सरोज रानी, अरविंद सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन का किया शुभारम्भ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर छह के आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या एक में मेयर रामपाल सिंह की धर्मपत्नी अंजू रामपाल और पार्षद निमित शर्मा ने संयुक्त रूप से मेरी सहेली सेनेटरी नेपकिन वेडिंग मशीन का उदघाटन किया। इस अवसर पर अंजू रामपाल सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सेनेटरी पेड वेंडिंग मशीन की व्यवस्था सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि सेनेटरी पेड के उपयोग को लेकर अभी भी जन जागरूकता का अभाव है। सरकार के इस प्रयास



से महिलाओं और बालिकाओं में जागरूकता आयेगी और महिलाओं को तमाम बिमारियों से छुटकारा मिलेगा। अंजू रामपाल ने महिलाओं और बालिकाओं को स्वच्छता को लेकर जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का ध्यान नहीं रखने से महिलाएं में कई बिमारियां होने की संभावना रहती है। आज के दौर में स्वच्छता के साथ साथ सही खान पान भी जरूरी है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती रंजू, सहायका काजली रानी, लक्ष्मी, रेखा, जानकी, गीता रस्तौगी, नईम जहां, तबस्सुम, गुड़िया देवी, रेशमा, सान्या, विनीता, मीनाक्षी, पूजा, गुलफ्सा, शीला, सुमन, रंजना आदि भी मौजूद थी।

# गुरुद्वारा श्री हरगोविंद सर नवाबगंज में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कमाया पुण्य लाभ

गदरपुर( उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सानिध्य में अमावस के आयोजित के दौरान हजारों लोगों ने गुरु का लंगर रूपी प्रसाद ग्रहण करने के साथ पवित्र सरोवर में स्नान किया। आयोजित किए गए कार्यक्रम में रागी जत्था भाई हरजीत सिंह द्वारा गुरबाणी कीर्तन तथा भाई जसवीर सिंह ग्रंथी द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई। हरियाणा के अंबाला से आए



ढाढी जत्था प्रवीण प्रीत सिंह 'प्रीत' के द्वारा विश्व के महान जरनैल स.हरी सिंह नलवा के जीवन पर आधारित कविश्वरी की गई। बिलासपुर के सतनाम सिंह शोंकी कविश्री जत्था द्वारा शहीद भाई तारु सिंह की शहादत पर प्रकाश डाला गया वही कवि श्री जत्था भाई बलविंदर सिंह द्वारा सिख रहत मर्यादा पर आधारित अपने विचार रखे गए। इस दौरान दूर दराज से आई संगत ने सहभागिता करते हुए गुरबाणी आदि कार्यक्रमों का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन कर्मजीत सिंह ने किया। गुरद्वारा साहिब के जत्थेदार अनूप सिंह ने क्षेत्रवासियों को अपने बच्चों को मीरी पीरी खालसा अकैडमी में प्रवेश दिलवाकर उच्च शिक्षा के साथ गुरबाणी तथा पंजाबी की शिक्षा भी ग्रहण करवाने के लिए प्रवेश दिलाए जाने का आह्वान किया ।

# अटरिया सिडकुल नगला मार्ग के निर्माण हेतु गडकरी को लिखा पत्र

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ ने केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा सांसद अजय भट्ट को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने नितिन गडकरी और अजय भट्ट को अवगत कराते हुए कहा कि मेरी विधानसभा किच्छा,जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड के अंतर्गत् अटरिया-सिडकुल-नगला मार्ग पर जोड़ने वाले गांवों में स्वतंत्रता संग्राम सैनानी परिवार निवास करते हैं । उक्त मार्ग पर विगत 8 वर्षों से बड़े-बड़े गड्ढे हैं । विगत लंबे समय से 12.250 किलोमीटर का मार्ग का निर्माण नहीं हुआ है, जिसकी वजह से गाड़ियों के आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि उपरोक्त मार्ग पर प्रतापपुर, फूलसुंगा, फुलसुंगी गंगापुर, आनंदपुर, इंदरपुर,राघव नगर,शांतिपुरी नंबर1 से 5 तक आदि ग्रामों को जोड़ता है । क्षतिग्रस्त मार्ग होने के कारण काफी दुर्घटनायें हो चुकी है द्य बारिशों के दिनों में मार्ग को जोड़ने वाले लगभग 10 से अधिक ग्रामवासियों को अपने घरों व खेतों तक पहुंचने के लिए 20-22 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है क्योंकि उक्त मार्ग बारिश के समय चलने लायक नहीं रहता है। इस सड़क से कई गाँवों के साथ-साथ हजारो की संख्या में क्षेत्रवासी अपनी रोजीरोटी कमाने हेतु इस सड़क से प्रतिदिन होकर गुजरते है। उक्त सड़क निर्माण हेतु पूर्व में कई बार उत्तराखण्ड शासन को सड़क निर्माण हेतु आग्रह किया गया है तथा उत्तराखण्ड शासन द्वारा इस सड़क में पुनः निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में निर्माण के आगणन तैयार करके केंद्र से स्वीकृती हेतु आपके समक्ष प्रस्तुत भी किये जा चुके है द्य आगणन की धनराशी लगभग 22 करोड़ रूपये आंकी गयी है। उन्होंने नितिन गडकरी और अजय भट्ट से आग्रह करते हुए कहा कि जनहित में उपरोक्त 12.250 किलोमीटर सड़क का पुनः निर्माण कराए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान करें।

# नीलकंठ कालोनी में सड़ा गला शव मिलने से हड़कंप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ट्रांसपोर्ट नगर चौकी क्षेत्रांतर्गत नीलकंठ कॉलोनी के एक आवास में सड़ी-गली हालत में शव पाए जाने से आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया। परिजनों से आवश्यक जानकारी लाने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया जिसके पश्चात शव परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार टीपी नगर चौकी क्षेत्रांतर्गत नीलकंठ कालोनी में एक आवास में सड़ी गली हालत में शव पाए जाने की खबर से वहां लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्राम प्रधान ललित मोहन नेगी ने पुलिस को सूचना दी कि कालोनी का एक घर खुला हुआ है जहां से काफी तेज बदबू आ रही है। घर के बाथरूम में एक सड़ी गली हालत में शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज पंकज जोशी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की शिनाख्त 36 वर्षीय हरीश पंत के रूप में की गई। जानकारी लेने के बाद चौकी इंचार्ज पंकज जोशी ने बताया कि परिवार में दो भाई हैं। माता-पिता की मौत हो चुकी है। एक भाई चंद्र प्रकाश पंत बीते 12 जुलाई को दिल्ली गया था। जो दिल्ली स्थित प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। हरीश पंत बाथरूम में मृत मिला है। उसके कमरे से दो बियर और एक शराब की बोतल भी बरामद की गई है। आशंका जताई जा रही है कि अधिक शराब पीने से हरीश की मौत हुई है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव भाई को सौंप दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# जनता के भरोसे के कातिल हैं पार्षद सुरेश गौरी!

## रूद्रपुर के वार्ड नंबर एक में चौतरफा पसरी बदहाली, सड़कें बनी तालाब, नालिया लापता, जनता का जीना हुआ मुहाल

-अर्श-

रूद्रपुर। जिस जनता ने कांग्रेस नेता सुरेश गौरी पर भरोसा कर उन्हें भरपूर प्यार और समर्थन देकर पहले ग्राम प्रधान और उसके बाद नगर निगम रूद्रपुर के सबसे बड़े वार्ड का पार्षद चुना, उसी भोली-भाली जनता के भरोसे का कत्ल करने में उन्होंने तनिक भी गुरेज नहीं किया। नतीजतन वार्ड का मतदाता खुद को ठगा-सा महसूस तो कर ही रहा है साथ ही लोगों में वार्ड पार्षद के प्रति भारी नाराजगी भी है। वार्ड पार्षद चुने जाने के बाद सुरेश गौरी का नजरिया पूरी तरह बदल गया है, लिहाजा पहले जो जनता उनके लिए जनार्दन थी, मतलब निकल जाने के बाद, अब वही जनता उन्हें तुच्छ नजर आने लगी है। कदाचित यही कारण है कि जनता को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए पार्षद के घर के कई कई फेरे तो लगाने ही पड़ते हैं साथ ही उनके आवास पर मौजूद उनके चेले चपाटों की दुत्कार और बदतमीजी भी बर्दाश्त करनी पड़ती है। इतना ही नहीं किसी इमरजेंसी में उनसे फोन पर संपर्क करने की कोशिश करने पर अक्सर उनका फोन बंद रहता है और अगर गलती से फोन लग भी जाता है, तो वह फोन रिसीव करने की जहमत नहीं उठाते। कुल मिलाकर जनता की पहुंच से दूर अपनी लग्जरी लाइफ में डूबे हुए पार्षद गौरी, इन दिनों ठीक उसी तरह जान पड़ते हैं जैसे कोई बहुरूपिया सेवक का चोला उतार कर, राजा-महाराजा वाले असल रूप में आ गया हो। हालांकि पार्षद गौरी के लिए लग्जरी लाइफ और राजा- महाराजा जैसे ठाट बाट कोई नई बात नहीं है, क्योंकि वे शहर के कॉलोनाइजर- सिंडिकेट के पुराने चावल हैं और उन्होंने एक समय अपने ही वार्ड में कई कालोनियां काटकर न केवल भारी अनियमितताएं की है, अपितु अपने ही वार्ड के भोले-भाले लोगों के साथ प्रॉपर्टी डीलरों वाला छल भी किया है। बताना होगा कि नगर निगम रूद्रपुर के वार्ड क्रमांक एक में तकरीबन 45 से 50 की संख्या के बीच छोटी बड़ी कालोनियां काटी गई है। इनमें से कुछ कॉलोनियों में वार्ड पार्षद गौरी अपरोक्ष और कुछ कालोनियों में परोक्ष लाभार्थी रहे हैं। बताया जाता है कि शहर के नामी प्रॉपर्टी डीलर एलडी जोशी पार्षद गौरी के अघोषित पार्टनर हैं और उन्हीं को सामने रखकर मोटा खेल किया गया है। यहां पर हम अपने पाठकों को बता दें कि वार्ड नंबर एक में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा किए गए घालमेल के तमाम सबूत किच्छा तहसील एवं रुद्रपुर स्थित रजिस्ट्रार ऑफिस में आज भी मौजूद हैं और इनकी सत्य प्रतिलिपि आसानी से प्राप्त की जा सकती है। रही बात कांग्रेसी नेता व पार्षद गौरी के प्रत्यक्ष लाभार्थी होने की तो, इस आशय के दस्तावेजी साक्ष्य **'उत्तरांचल दर्पण'** के पास मौजूद हैं। जिसका खुलासा हम अगले अंक में करेंगे। खैर, अब बात करते हैं कांग्रेस पार्टी के इन काबिल पार्षद के वर्तमान कार्यकाल के विकास कार्यों की। तो, वार्ड नंबर एक के तकरीबन 20% हिस्से को छोड़कर बाकी के 80% हिस्से में मौजूद विभिन्न कालोनियों की बदहाली इसका पूरा खाका खींच कर सामने रख देती है। कहने की जरूरत नहीं कि अधिकांश कॉलोनियों में सड़कों और नालियों का बुरा हाल है। जगह जगह जलजमाव है। कुछ कालोनियों में तो जल निकासी की व्यवस्था ही नहीं है। चारों तरफ सड़ांध मारता कीचड़ है। मच्छरों की फौज है और आमजन में हताशा- निराशा के साथ सांप बिच्छू व अन्य जहरीले कीड़े मकोड़ों के घर में घुस जाने का भय तथा वार्ड पार्षद के नाकारापन के प्रति गहरा रोष है। साफ-साफ कहें तो पार्षद द्वारा अपने कर्तव्यों को पीठ दिखाने के तमाम चिन्ह इस समूचे वार्ड के जर्रे जर्रे में बिखरे पड़े हैं, जो चीख चीख कर यह बयान करते हैं कि पार्षद ने अपने मुखिया धर्म का पालन करने में कतई दिलचस्पी नहीं दिखाई। शायद यही वजह है कि उनके पास वार्ड के विकास के नाम पर बताने के लिए कुछ खास नहीं है और वह सिंचाई विभाग द्वारा कराई गई नाले की सफाई को अपने द्वारा कराया जाना बताने को मजबूर हैं। मजे की बात तो यह है कि वह इस मौके पर अपने कुछ खास पत्रकारों और सोशल मीडिया चैनलों को बुलाकर, सिंचाई विभाग की जेसीबी मशीन के सामने खड़े होकर बड़ी ही बेशर्मी से बाइट भी दे देते हैं और अपने तथाकथित जन हितैषी कार्यों पर अपनी ही पीठ थपथपा भी लेते हैं। कुल मिलाकर मुखिया धर्म के पालन के अलावा, नेताओं की अन्य सारी खूबियों से परिपूर्ण है पार्षद गौरी। उनकी एक विशिष्ट कला यूपी और बिहार के बाहुबली नेताओं की तर्ज पर जरायम पेशा लोगों की फौज रखना भी है। एक ऐसी फौज जो पार्षद के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को बलपूर्वक दबा देने का माद्दा रखती है। बात केवल सिर्फ माद्दा रखने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पार्षद गौरी की इस फौज के खास सिपहसालार संजय सिंह ने कुछ अरसा पूर्व बकायदा इसका डेमो भी सरेआम पेश किया था। जिसमें उसने अपने साथियों के साथ देवनैना जन सेवा केंद्र में जमकर उत्पात मचाया था और जन सेवा केंद्र के संचालक को मार-मार कर अधमरा कर दिया था। इतना ही नहीं इस मौके पर पार्षद गौरी के सिपहसालारों ने जन सेवा केंद्र के संचालक को यह भी घुड़की दी थी कि तू जानता नहीं कि हम गौरी के आदमी हैं। गौरतलब है कि उक्त मामला पुलिस पहुंचने पर पुलिस ने पार्षद गौरी की कार, जिसमें उनके सिपहसालार घटना को अंजाम देने पहुंचे थे, को जब्त भी किया था। यह कार आज भी आवास विकास चौकी मे देखी जा सकती है।





## पार्षद की कार्यशैली निम्न श्रेणी की: आशीष छाबड़ा



रूद्रपुर। सुरेश गौरी के खिलाफ पार्षद का चुनाव लड़ चुके आशीष छाबड़ा का आरोप है कि जिन क्षेत्रों से पार्षद को वोट नहीं मिला, उसके साथ वे सौतेला व्यवहार करते हैं। जनता के लिए सहज उपलब्ध नहीं हो पाते। फोन करने पर फोन भी नहीं रिसीव करते। अपने कार्यकाल में उन्होंने अब तक कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं करा सके हैं। वार्ड नंबर एक में अब तक जो भी विकास कार्य हो पाए हैं, वह जनता की मांग पर मेयर ने करवाए हैं। इसके अलावा वार्ड में कुछ सड़कें पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बनवाई बनवाई थी और कुछ सड़कें जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ ने अपने कार्यकाल में हमारे क्षेत्र को दी थी।

## नालों की सफाई सिंचाई विभाग करा रहा है: तपन



रूद्रपुर। वार्ड के ही तपन का कहना है कि हाल में हुई बारिश से वार्ड नंबर एक का तकरीबन पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया था। जलजमाव की समस्या गंभीर होने पर भारतीय जनता पार्टी के कुछ बड़े नेता हमारे एसडीओ साहब से मिले थे। तब एसडीओ साहब ने हमें तत्काल मौके पर पहुंच के नाले की सफाई कराने की के आदेश दिए थे। मैं अपनी देखरेख में पिछले चार दिन से सिंचाई विभाग की जेसीबी मशीन द्वारा नालों की सफाई का कार्य करा रहा हूं।

## वार्ड की समस्याओं को लेकर पार्षद गौरी से संपर्क करना टेढ़ी खीर



रूद्रपुर। वार्ड क्रमांक एक की समस्याओं के समाधान में विलंब एवं पार्षद द्वारा वार्ड में अब तक कराए गए विकास कार्यों की जानकारी लेने के लिए 'उत्तरांचल दर्पण' ने पार्षद गौरी से संपर्क करने की कोशिश, तकरीबन एक पखवाड़े तक निरंतर की, लेकिन उन्होंने आज तक फोन नहीं रिसीव किया। फोन रिसीव ना होने पर हम उनके आवास भी पहुंचे पर वहां ताला लटकता मिला। इतना ही नहीं हमने उन्हें उनके दूरभाष पर एक टेक्स्ट मैसेज भी किया, मगर उन्होंने बात करने की जहमत नहीं गवारा की। ऐसे में विचारणीय प्रश्न यह है कि जब पार्षद मीडिया से बात करने के लिए सहज उपलब्ध नहीं है तो वार्ड की जनता उनसे कैसे मिल पाती होगी।

## ..कारनामों की पिक्चर अभी बाकी है!

रूद्रपुर। कांग्रेस के इस होनहार पार्षद के कारनामों की दास्तान इतनी लंबी है कि सभी कारनामों को एक अंक में समाहित नहीं किया जा सकता, बल्कि इसके लिए अखबार का एक विशेषांक निकालना पड़ेगा। लिहाजा कृपालु पाठकों से निवेदन है कि पार्षद गौरी के रियल एस्टेट क्षेत्र के काले कारनामों को जानने के लिए 'उत्तरांचल दर्पण' के आगामी अंक पढ़ते रहें।

## जनता पार्षद के पास जाती है तो वे मिलते ही नहीं: सचिन छाबड़ा



रूद्रपुर। समाजसेवी सचिन छाबड़ा का कहना है कि पार्षद ने जनता से मिले प्यार और भरोसे का खून किया है। जनता की दृष्टि से उनका कार्यकाल निराशाजनक ही रहा है। कई कालोनियों में नाली और सड़कों की गंभीर समस्या है। जनपद रोड में तो हल्की बरसात के बाद लोगों का सड़कों पर पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। वन खंडी कॉलोनी में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। जनता पार्षद के पास जाती है तो वे मिलते ही नहीं है। उनका फोन भी बंद रहता है। जनहितकारी कार्यों की सिर दर्दी से बचने के लिए, वे जनता के बुलाने पर मौका मुआयना करने तक नहीं जाते।

## पार्षद अपराधियों के संरक्षक हैं: अर्जुन सिंह



रूद्रपुर। वार्ड के निवासी अर्जुन सिंह का कहना है कि हमारे वार्ड पार्षद के पास अपराधी तत्वों की पूरी फौज है और वे ऐसे लोगों को खुलकर संरक्षण भी देते हैं। वार्ड में किसी की इतनी मजाल नहीं है कि उनके खिलाफ कोई बोलने की हिम्मत तक जुटा सके। कुछ दिनों पहले मेरे भाई की एक छोटी- सी भूल से खफा होकर पार्षद के लोगों ने हमारे जन सेवा केंद्र में धावा बोल दिया था। हम लोगों ने डर के मारे जन सेवा केंद्र में स्वयं को बंद कर लिया था, लेकिन पार्षद के आदमी कांच तोड़कर जन सेवा केंद्र में घुस आए और मेरे भाई को बुरी तरह मारा पीटा और उसे पूरी तरह लहूलुहान कर दिया। हमारा परिवार आज भी पार्षद और उनके आदमियों से बुरी तरह भयभीत रहता है।


श्री बांके बिहारी की कृपा से

श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा

दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक

- AC वाल्वो बस
- विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
- भोजन की सुविधा
- ठहरने की उचित व्यवस्था

प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये

यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड, रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।

सम्पर्क करे-7248133444,8476003072


## चमोली दुर्घटना पर जताया शोक

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने चमोली में अलकनंदा के तट पर हादसे में 15 लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सरकार से इस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को 10,00,000 रुपए दिए जाने की मांग की है और इस घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराए जाने की मांग की है। उत्तराखंड में एक और सड़क दुर्घटनाओं में, जानवरों के द्वारा, नदी में डूबने से कई तरह की प्राकृतिक व अप्राकृतिक घटनाओं में लोग मारे जा रहे हैं और सरकार तमाशबीन बनी हुई है। उन्होंने इस घटना में भी बिजली के करंट से लोगों की मृत्यु को भारी लापरवाही का कारण बताया है और मुख्यमंत्री द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के दौरे को ढकोसला बताया है और एनडीआरएफ के ढांचे में भी आमूलचूल परिवर्तन की मांग की है। दिवंगत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है।


KOTIA ENTERPRISES

शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!

वीर कच्ची घानी

शुद्धता में सर्वोत्तम

100% Pure

होम डिलीवरी उपलब्ध



Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)

Veer Singh Virk
Managing Director

Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com

खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन, उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

# गरीबों को पहुंचायें पीएम आवास योजना का लाभ: डा. पाण्डेय

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव लोक निर्माण, औद्योगिक विकास (खनन) आयुष एवं आयुष शिक्षा डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय ने कलैक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), एनआरएलएम, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, हर खेत को पानी, पीएम पोषण मिशन, प्रधानमंत्री कौशल योजना अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा बैठक ली। उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना की मूल भावना के अनुरूप कार्य करें न की सिर्फ लक्ष्य प्राप्ति के लिये। उन्होने कहा कि जनता को सुगमता से योजना का लाभ मिले इस प्रकार से कार्य करें। डॉ0 पाण्डेय ने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि पेयजल योजना इस लिये बनायी गयी है कि जनता को सुगमता से शुद्ध पीने का पानी मिल सकें, न कि योजना से किसी को परेशानियों का सामना कराना पड़े। उन्होने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में पेय जल के कार्य किये जा रहे है उन क्षेत्रों में पानी की पाईप लाइन डाल कर शीघ्रता से टेस्टिंग कर सड़क को ठीक कर दें ताकि जनता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होने अधिशासी अभियन्ता पेयजल को निर्देश देते हुये कहा कि यदि किसी



जगह पर सड़क बनने वाली है या विद्युत के कार्य होने है तो सम्बन्धित विभाग के साथ समन्वय बनाते हुये कार्य करें जिससे कि सड़क बनने के बाद सड़क खोद कर बनाने से सरकारी पैसे की बर्वादी न हो। उन्होने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि अधिकारीगण क्षेत्र में भ्रमण पर जाते है तो यह देखे कि वास्तव में यदि कोई गरीब है और उसके पास पक्का घर नही है तो उसको प्राथमिकता में रखते हुये उसे आवास के साथ-साथ अन्य योजना से भी लाभान्वित करने का प्रयास करें। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की समीक्षा के दौरान डॉ0 पाण्डेय ने कहा कि खेतों में सिंचाई के लिये यदि कही पक्की गूल बनायी जा रही है तो इसका विशेष ध्यान रखे कि गूल निर्माण होने से अधिक से अधिक कृषि भूमि सिंचित हो सकें। उन्होने लघु सिंचाई व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि हर खेत को पानी के अन्तर्गत आपस में समन्वय बनाते हुये कार्य करें जिससे कि सिंचन क्षमता बढ़े। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की समीक्षा के दौरान डॉ0 पाण्डेय ने जिला सेवा योजन अधिकारी को निर्देश दिये कि औद्योगिक संस्थानों की आवश्यकता एवं मार्केट के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षित करें जिससे कि युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल सकें और मार्केट के अनुरूप अपना स्वरोजगार भी कर सकें। हेल्थ मिशन की समीक्षा के दौरान उन्होने स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि एनेमिया मुक्त भारत को ध्यान में रखते हुये आपस में समन्वय स्थापित कर योजना बनाकर कार्य करें जिससे कि छोटे-छोटे बच्चों, छात्रों को सरकार द्वारा समय-समय पर दी जाने वाली आवश्यक दवाईयां सभी को उपलब्ध हो सकें। उन्होने कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि ऐसी योजना बनाकर कार्य करें जिससे कि किसानों को समय पर बीज, खाद व दवायईयां मिलें जिससे कि सरकारी योजनाओं पर किसानों को पूरा भरोसा हो सकें। उन्होने कहा कि यह जनपद औद्योगिक व कृषि के क्षेत्र में एक अग्रणी जनपद है इसी के अनुरूप योजना बनाकर कार्य करें जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से लाभ मिल सकें। जिलाधिकरी उदयराज सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत जो भी कार्य किये जा रहे है उसका बैठक कर 15 दिन के भीतर प्लान तैयार कर कार्य कर लिये जायेगें। उन्होने कहा कि आज बैठक में जो भी निर्देश दिये गये है उसका समयबद्ध तरीके से योजना बनाकर कार्य किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, पीडी हिमांशु जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, एसीएमओ डॉ0 हरेन्द्र मलिक, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्या, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जीमल, जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, अधिशासी अभियन्ता पेय जल मृदुला सिंह, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई सुशील कुमार, अधिशासी अभियन्ता पेय जल निगम खटीमा पीएस चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बैंक ऑफ बड़ौदा के 116 वें स्थापना दिवस पर एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें केवीआर हॉस्पिटल काशीपुर के ब्लड बैंक यूनिट का विशेष योगदान रहा। रक्तदान शिविर का आयोजन बैंक ऑफ बड़ौदा के116 स्थापना दिवस के होने के कारण 116 यूनिट ब्लड का टारगेट रखा गया था जिसमें लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर इस टारगेट को पूरा कर दिया। इस मौके पर केवीआर ब्लड बैंक इंचार्ज लायंस डॉक्टर भारत भूषण ने बताया कि मानव समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 3 से 4 माह में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिये । विशेष रुप से यही एक सच्ची मानव सेवा है थैलेसीमिया जैसी बीमारियों व दुर्घटना के शिकार लोगों को तुरंत रक्त चढ़ाए जाने की जरूरत होती है ऐसे में समाजसेवी लोगों के द्वारा दिया गया रक्त ही काम आता है क्योंकि रक्त का निर्माण मानव शरीर में ही संभव है। इसे किसी प्रयोगशाला या अन्य किसी प्रकार से नहीं बनाया जा सकता है इसका निर्माण केवल प्राकृतिक रूप से ही मनुष्य के शरीर के अंदर ही होता है इसलिए इसकी उपयोगिता और भी बढ़ जाती है प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि इससे हमारे शरीर को कोई भी हानि नहीं होती है व दिए गए रक्त की पूर्ति हमारा शरीर शीघ्र ही पूरी कर लेता है। इस मौके पर लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन अमित गर्ग व सचिव मोहित अग्रवाल कोषाध्यक्ष आशीष पैन्गिया, जिला कैबिनेट सदस्य एमजेएफ लायन अभिषेक गोयल व लॉयन अपूर्व मल्होत्रा, लॉयन धीरज अग्रवाल ,भूपेश नरूला सौरभ अग्रवाल, अनुराग सोलंकी के अलावा बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल मैनेजर मिहिर कुमार झा व कर्मचारी तथा क्षेत्र की अन्य ब्रांचो के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।





गुरू मां

GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?

आधार लाये, उधार ले जायें...

0% BAJAJ FINSERV

UP TO 50% OFF

सबसे ज्यादा कैशबैक

0% ब्याज मुक्त फाइनेंस

खरीदारी के दिन डिलीवरी

Guru Maa Enterprises

हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007

रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000

काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111

गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# लापरवाही का सिलसिला

उत्तराखंड के चमोली में करंट लगने से सोलह लोगों की मौत को एक बार फिर महज हादसे के तौर पर ही देखा जाएगा। इस त्रासदीपूर्ण घटना से यही साबित होता है कि दुर्घटनाओं की शक्ल में ऐसी घटनाएं लगातार होती रहती हैं और उसके बावजूद व्यवस्थागत उदासीनता का सिलसिला कायम रहता है। चमोली में अलकनंदा नदी के किनारे नमामि गंगे परियोजना के तहत जल-मल शोधन संयंत्र में करंट लगने से हुई मौतों में आपराधिक लापरवाही का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मंगलवार रात को ही वहां बिजली की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।लेकिन अगले दिन बुधवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जब मृतक का पंचनामा चल रहा था, तब फिर से वहां लोहे के घेरे में करंट दौड़ गया। उसकी चपेट में मौके पर पुलिसकर्मियों और मृतक के कुछ रिश्तेदारों समेत सोलह लोगों की भी जान चली गई और कई अन्य बुरी तरह घायल हो गए। निश्चित रूप से यह किसी तकनीकी खराबी और उस पर नजर रखने, समय से उसकी मरम्मत करने में व्यापक कोताही की वजह से हुआ हादसा ही होगा, लेकिन इसकी प्रकृति ऐसी लगती है मानो इस लापरवाही की कोई सीमा नहीं थी!सवाल है कि जब रात में करंट की वजह से ही एक व्यक्ति की जान जा चुकी थी, तब उसके कई घंटे के बाद भी वहां अन्य जगह पर बिजली कैसे प्रवाहित हो गई! जबकि यह बुनियादी तकाजा है कि पहली घटना का पता चलते ही सबसे पहले वहां बिजली के संपर्क को पूरी तरह काट दिया जाना चाहिए था। सामान्य स्थितियों में भी अगर बिजली आपूर्ति बाधित होने की मामूली समस्या को दूर करना होता है, कोई मरम्मत करनी होती है तो पहले वहां बिजली का संपर्क काटा जाता है, ताकि किसी धोखे की स्थिति में भी लोग सुरक्षित रहें। लेकिन एक व्यक्ति की जान चले जाने के बावजूद वहां बिजली को पूरी तरह काटना सुनिश्चित नहीं किया गया। इस आपराधिक लापरवाही का नतीजा यह हुआ कि एक व्यक्ति की मौत से दुखी होकर वहां पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना जताने पहुंचे कई अन्य लोगों की भी जान चली गई। अब सरकार की ओर से जांच और मुआवजे की घोषणा की गई है, इस घटना पर हर किसी को दुख भी होगा, लेकिन इसमें जिन लोगों का जीवन चला गया, उसकी भरपाई शायद नहीं हो पाएगी।किसी भी हादसे का पहला सबक यह होना चाहिए कि कम से कम उसके बाद ऐसे पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। किसी परियोजना स्थल या अन्य निर्माण कार्यों के दौरान हादसों के लिहाज से सुरक्षा इंतजामों में किसी गड़बड़ी के बाद उसका तात्कालिक हल तो निकाल दिया जाता है, लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत नहीं समझी जाती कि अगर खामी को दुरुस्त करने के ठोस उपाय नहीं किए गए तो इसका खमियाजा और गंभीर रूप में सामने आ सकता है। सुरक्षा इंतजामों में मामूली लापरवाही की भी कीमत किस रूप में सामने आती है, इसके त्रासद उदाहरण आए दिन देखने को मिलते हैं। विडंबना यह है कि ऐसे हादसों का सिलसिला बदस्तूर कायम रहने के बावजूद शायद कोई सबक नहीं लिया जाता है। ऐसे में घटनास्थल पर हुई लापरवाही के लिए वहां तैनात किसी कर्मचारी को जिम्मेदार मान लिया जा सकता है, लेकिन उसके ऊपर के तंत्र में निरीक्षण, जांच आदि करने से जुड़े समूचे तंत्र की क्या ड्यूटी होती है! किसी हादसे के बाद की औपचारिक कार्रवाई से हादसों पर लगाम नहीं लगाई जा सकती। उसके लिए ऐसे ठोस इंतजाम करने होंगे, ताकि वक्त रहते किसी खामी का पता चल सके और उसे दुरुस्त किया जा सके।

# महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता की टीम ने लालपुर के किसान इंटर कालेज में एक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के आयोजक श्रीमती कविता रावत, रूपा रानी,दुर्गा यादव व गीता अधिकारी थे। मुख्य अतिथि के रूप में समिति की अध्यक्ष डॉ. उषा नरेंद्र जैन ने नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया और कहा कि आज हमारे देश में नशे की लत जानलेवा बनती जा रही है,युवा इसके ज्यादा शिकार हो रहे हैं,नशाखोरी की प्रवृत्ति समाज व राष्ट्र के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। नशे की लत के कारण बहुत से नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो चुका है,नशा करना वे अपनी शान समझते हैं, नशा विभिन्न प्रकार से किया जा रहा है जैसे- तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, नशे के इंजेक्शन,शराब आदि। हमारे देश में नशा करने वाले युवा पीढ़ी के लोग अब चरस, हेरोइन, कोकीन, अफीम जैसा खतरनाक नशा करने लगे है। विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति समाज व राष्ट्र के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। नशे की लत के कारण बहुत से नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो चुका है। लोग नशा करने के बाद अपना होश खो देते हैं और घर जाकर लड़ाई झगड़े करने लगते हैं, परिवार जनों से मारपीट करते हैं और गंदी गाली गलौज करते नजर आते हैं जिससे परिवार के व्यक्तियों के समाज को मानसिक और सामाजिक स्तर पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती राधा सुभाष ने कहा कि बढ़ते नशे के प्रचलन को रोकने के लिए हमें सरकार के भरोसे ही नहीं रहना होगा,इसके लिए हमें स्वयं भी प्रयास करने होंगे। हमें देखना होगा कि हमारे परिवार का कोई सदस्य तो नशे की तरफ नहीं जा रहा है। यदि ऐसा है तो हमें समय रहते उस को नियंत्रित करना होगा,यदि सभी लोग ऐसा करने लगेंगे तो धीरे-धीरे नशे की प्रवृत्ति कम होती चली जाएगी और एक समय ऐसा आएगा जब हमारा समाज, हमारा क्षेत्र, हमारा प्रदेश, हमारा देश नशा मुक्त बन सकेगा। इस अवसर पर सुनीता देवी,मंजू देवी, पूजा,आशा बिष्ट,विमला देवी, गीता अधिकारी, हेमा अधिकारी,सुधा देवी, दुर्गावती मैम,रूपा रानी,कुंती देवी,किरन,रेखा देवी, कमलेश, रीना देवी,माही,सुमन,नीलम, सुनीता मिश्रा,मुन्नी गंगोला, ममता शर्मा,विमला देवी, विजयश्री,शीला देवी, स्वेता, कविता रावत, राजेश्वरी, बबली, पलक,रंजू, प्रीति, विनीता, दीपा पाठक, नीरज, संजू,विमला,गुड्डी देवी,चांदनी,किरन, सीता, द्रोपदी, रचना, अनीता, चंचल, ममता,कांति,भगवती देवी, दीपमाला, अमन, आकाश, लोकेश, संजीत,हर्षित, कृष्णा, मुकेश, मनोज, अंशुल, मनोज कुमार,अभिषेक शर्मा, कुंदन गिरी, नीरज,सोनी,आदि उपस्थित रहे।



# राज्यपाल ने किया दून विश्वविद्यालय की ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को राजभवन से दून विश्वविद्यालय की ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस ई-लाइब्रेरी में कुल 9 लाख से ज्यादा लिखित सामग्री उपलब्ध है। ई-लाइब्रेरी में 12,253 अलग-अलग विषयों के ई-जर्नल, 7,81,269 ई-थिसिस, 1,24,019 वीडियो लेक्चर, 18,371 ई-बुक्स, 2,979 न्यूज पेपर्स, 16,000 ऑडियो बुक्स के साथ-साथ दून विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी में 43,000 पुस्तक हार्ड कॉपी में उपलब्ध है। ई-लाइब्रेरी वेब पेज के साथ-साथ मोबाइल एप्लिकेशन में भी उपलब्ध रहेगी। विश्वविद्यालय के अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं एक क्लिक के माध्यम से इस लाइब्रेरी से जुड़ सकेंगे। ई-लाइब्रेरी के शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि दून विश्वविद्यालय में ई-लाइब्रेरी की स्थापना एक उत्कृष्ट कार्य है जिसके द्वारा आज ज्ञान को टेक्नोलॉजी से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि यह सभी विद्यार्थियों के ज्ञान के उत्थान में सहायक सिद्ध होगी। अपने ज्ञान को विकसित और आगे ले जाने के लिए टेक्नोलॉजी का इससे बेहतर उपयोग नहीं हो सकता है। राज्यपाल ने अन्य विश्वविद्यालयों को इस प्रकार की ई-लाइब्रेरी बनाने के प्रयास करने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि यह डिजिटाइजेशन की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इसका लाभ यह होगा कि जानकारी और ज्ञान में सबकी पहुंच सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि दून विश्वविद्यालय में विभिन्न विदेशी भाषाओं के कोर्स विश्वविद्यालय की विशेष पहचान है। दून विश्वविद्यालय में महिला सशक्तिकरण पर भी काफी काम किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर दून विश्वविद्यालय को 108 पुस्तक देने की भी घोषणा की।दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने कहा कि यह हम सबके लिए सौभाग्य का क्षण है की दून विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं उत्तराखण्ड के राज्यपाल की प्रेरणा से ई-लाइब्रेरी की स्थापना की जा रही है। ई-लाइब्रेरी के संबंध में प्रेजेंटेशन दून विश्वविद्यालय के लाइब्रेरियन प्रोफेसर आशीष कुमार के द्वारा दिया गया। इस उद्घाटन सत्र में धन्यवाद का ज्ञापन दून विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ एमएस मंदरवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर दून विश्वविद्यालय से प्रोफेसर एस सी पुरोहित, डॉ राजेश कुमार, डॉ सुनित नैथानी, डॉ अरुण कुमार, डॉ राजेश भट्ट, डॉ उदिता नेगी, डॉ प्राची पाठक, डॉ स्मिता त्रिपाठी, डॉ प्रीति मिश्रा, नरेंद्र लाल आदि उपस्थित थे।



# ठेली फड़ व्यवसायियों ने शुरू की भूख हड़ताल

रामनगर(उद संवाददाता)।करीब एक माह पूर्व स्थानीय प्रशासन एवं नगरपालिका संयुक्त रूप से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए रानीखेत रोड पर सड़क पर ठेले एवं फड वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए उन्हें इस स्थान से हटाने की कार्रवाई की थी। इस मार्ग पर बस की चपेट में आने के बाद दो लोगों की हुई दर्दनाक मौत को लेकर जनता के भारी विरोध के चलते प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था। करीब 1 माह बीत जाने के बाद भी इस मार्ग से हटाए गए लोगों को ना तो प्रशासन द्वारा रोजगार दिया गया और ना ही वेंडर जोन की स्थापना की गई जिसको लेकर अब इन लोगों के आगे रोजी रोटी का संकट गहराने लगा है। रोजगार को लेकर लंबे समय से यह लोग आंदोलन कर रहे हैं। उनका आरोप है कि प्रशासन द्वारा उन्हें जहां एक और बेरोजगार किया गया तो वही उन्हें रोजगार को लेकर कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वह अपने रोजगार को लेकर स्थानीय विधायक व अधिकारियों से भी मिल चुका है लेकिन इन लोगों द्वारा भी सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि पूर्व में जिलाधिकारी से भी उनके राम नगर आगमन पर मुलाकात की गई थी तो जिलाधिकारी ने नगर पालिका प्रशासन को वेंडर जोन बनाने के निर्देश दिए थे लेकिन उन्होंने अधिकारियों पर जिलाधिकारी के आदेशों की भी अवहेलना करने का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने रानीखेत रोड पर भूख हड़ताल शुरू करते हुए चेतावनी दी कि जब तक उन्हें रोजगार नहीं दिया जाता तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।



# मेट्रोपोल वासियों की समस्या को लेकर कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल मेट्रोपोल कम्पाउण्ड प्रभावितों के लिए स्थायी पुर्नवास की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के नेतृत्व में कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत से नैनीताल आयुक्त कार्यालय पर मिला। मतीन सिद्दीकी ने मेट्रोपोल कम्पाउण्ड में रह रहे लोगों को वहां से हटाये जाने का विरोध करते हुए आयुक्त दीपक रावत को पत्र सौंपा। उन्होंने प्रभावितों के साथ मानवता से पेश आने और उन्हें अन्यत्र बसाये जाने से पूर्व उनके स्थायी पुर्नवास की मांग की है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में प्रशासन द्वारा इन्हें बेदखल करने की कार्रवाई की जा रही है, जो गलत है। उन्होंने प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिये जाने की मांग की है। इधर उन्होंने नैनीताल में प्रभावितों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। उन्होंने कहा कि यदि इन लोगों को बेघर किया गया तो यह कहाँ जायेंगे। प्रशासन को इन लोगों के साथ सहानुभूति पूर्ण रवैया अपनाना चाहिए। उन्होंने बस्ती के लोगों की हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया ।उन्होंने बताया कि आयुक्त ने उनके पत्र को संज्ञान में लेते हुए स्थानीय प्रशासन से बातचीत करने का आश्वसन दिया है। प्रतिनिधि मण्डल में जावेद सिद्दीकघे, अरशद अय्यूब, नैनीताल जामा मस्जिद सदर शुऐब अहमद, हाजी शाकिर अली, इस्लाम मिकरानी, रेहान कुरैशी, गौरव कुमार, उमैर सिद्दीकघे, मेराज खघन, रेहान मलिक, शकील अन्सारी, आसिम सिद्दीकी, अक्कू अंसारी, मोहम्मद अनस, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।



# लव जेहाद का शिकार हुई युवती ने लगाई फांसी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां लव जेहाद का शिकार हुई एक युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। परिजनों ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप दी ही। गौरतलब है कि गत दिवस दोपहर लगभग 12:30 बजे 16 वर्षीय युवती ने अपने निवास स्थान पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस को दी तहरीर में परिजनों ने आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाले मुस्लिम युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर उससे दोस्ती कर ली व षड्यन्त्र के तहत अपने जाल में फंसा कर उससे शादी करने का झूठा दिलासा देने लगा। उसकी पुत्री से कहने लगा कि जब तू 18 वर्ष की हो जायेगी तो वह तुझसे शादी कर लेगा। आरोप है जब उसकी पुत्री ने युवक से शादी करने के लिये कहा तो वह कहने लगा कि पहले धर्मांतरण कर फिर तुझसे शादी करूंगा। उसकी पुत्री के इनकार करने तथा यह कहने पर कि वह सबको इस बारे में बता देगी। उक्त युवक उसकी पुत्री से गाली गलौच कर धमकी देने लगा कि अगर यह बात किसी को बतायी तो वह उसके आपत्तिजनक फोटोग्राफ वायरल कर देगा। उसने पुत्री व परिवार को जान से मारने की धमकी दी। युवक उसकी पुत्री पर धर्मांतरण के लिये दबाव बनाने लगा कहने लगा कि अगर तू धर्मांतरण नहीं कर सकती तो वह उससे शादी नहीं करेगा और आपत्तिजनक फोटो भी वायरल कर देगा। इससे अच्छा तू मर जा वह अपने धर्म की लड़की से ही शादी करेगा। परिजनों का आरोप है उक्त युवक के डराने धमकाने व उकसाने के कारण उसकी पुत्री ने सोसाइड की है। उसकी पुत्री ने एक सुसाइड नोट भी लिखा था जिसमें आत्महत्या का जिम्मेदार उक्त युवक को बताया है। उक्त सोसाइड नोट तथा एक सैमसंग कीपैड मोबाइल फोन दो सिमकार्ड जो युवक द्वारा उसकी पुत्री को दिये गये थे टेबिल के नीचे मिले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्राथमिक जांच शुरू कर दी है।

# भीम आर्मी ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर मेट्रोपोल क्षेत्र में 134 परिवारों को उजाड़े जाने का विरोध करते हुए राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को जिलाधिकारी द्वारा ज्ञापन प्रेषित किया। जिसमें कहा गया है कि नैनीताल स्थित मेट्रोपोल क्षेत्र में लगभग 134 परिवारों को शत्रु संपत्ति के नाम पर उजाडे जाने का शासनादेश आवमानवीय है। जिस पर अविलंब रोक लगाई जानी चाहिए। कई पीढ़ियों से निवास कर रहे नागरिकों के मकानों को ध्वस्त करने का आदेश सरासर जनता के साथ धोखा है। यदि उक्त परिवारों को हटाना बहुत ही आवश्यक है तो मानवीय दृष्टिकोण को नजर में रखते हुए उनके पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए।ज्ञापन देने वालों में जीआर टम्टा, नफीस अहमद खान, हरीश लोधी, रिजवान गुडडू, गौविंद गौतम, गजेंद्र पाल सिंह, विकास कुमार, सुलेमान मालिक आदि उपस्थित थे।



# शिविर में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान







किच्छा(उद संवाददाता)। 150 यूनिट रक्त दान का लक्ष्य लेकर नगर की जानी मानी उम्मीद फाउंडेशन के बैनर तले याद ए हुसैन रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया । इस मौके पर शिविर का शुभारंभ संस्था सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान संस्था सदस्य जावेद मलिक, अकरम खान, गुफरान खान ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था का प्रयास है कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करते हुए रक्त दान के लिए प्रेरित किया जाए। लोगो में भ्रांति है कि रक्त दान करने के उपरांत शरीर में कमजोरी व रक्त की कमी का सामना रक्त दान करने वाले को करना पड़ता है। परंतु यह सब मिथ्या है, वक्ताओं का कहना था कि रक्तदान करने के उपरांत शरीर में नए रक्त के संचार से व्यक्ति और अधिक ऊर्जावान होता है ।सभी लोगों ने कहा कि रक्तदान के बाद जूस दूध आदि का सेवन धीरे धीरे किया जाना चाहिए। जिससे कुछ ही घंटो में रक्त की भपाई हो जाती है। इस मौके पर शिविर में मुख्य रूप से पालिक अध्यक्ष दर्शन कोली, हाजी सरवर यार खान, गौरव बेहड,गणेश उपाध्याय, संजीव कुमार सिंह, चांद जैदी, राजकुमार कोली, अकरम खान, रहीस अहमद बरकाती, तोसीफ अहमद, सलीम सलमानी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## मोहर्रम से मिली रक्तदान करने की सीख



किच्छा। संस्था के मुख्य सदस्य अकरम ने बताया कि रक्त दान करने की इच्छा उनके मन में मोहर्रम से उत्पन्न हुई। इस दिन तमाम लोग अपने तन से रक्त निकाल कर बहाते है। मेरे मन मैं इस रक्त को बहने के बजाय आदमी के जीवन को बचाने हेतु प्रयोग में लाने की इच्छा जागृत हुई तो अपने तमाम मित्रों को उक्त बात बताई और सभी मित्र तैयार हो गए और हुसैन जी की याद रक्त दान का प्रारंभ हो गया तथा कई लोगों को जीवन दान भी मिल गया। रक्त दान में सभी धर्म के लोगों का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में भी संस्था रक्त दान के लिए तैयार रहती है।

## श्याम बाबा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।वार्ड नंबर 23 श्री शिव मंदिर 84 घंटा पर श्याम मित्र मंडल समिति द्वारा आयोजित श्याम बाबा के दरबार में भजनों पर पूरी रात श्रद्धालु झूमते रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी



संजय ठुकराल ने पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना की ।इस दौरान विक्की मुंजाल, गगन ग्रोवर, बंटी कोली,लालमन कोली,किशन कोली,शंकर कोली आदि थे।

## कांग्रेसियों ने सरकार का पुतला फूंका

रामनगर। चमोली में करंट से हुई 16 लोगों की मौत एवं करीब आधा दर्जन लोगों के घायल होने पर गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में रामनगर में रानीखेत रोड पर प्रदेश सरकार एवं यूपीसीएल के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि इस पूरे मामले में सरकार और विभाग की लापरवाही सामने आई है उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की साथ ही। उन्होंने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की भी मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा इस घटना में मृतकों एवं घायलों के परिजनों को समुचित मुआवजा दिया जाये।



## यूनिटी स्कूल को मान्यता मिलने पर जताया हर्ष

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। सूर्या शिक्षा समिति नानकमत्ता द्वारा संचालित यूनिटी स्कूल को शासन द्वारा मान्यता मिलने पर विद्यालय प्रबंधक कमेटी ने हर्ष व्यक्त किया है।विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित सिंह कार्की ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत माह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा यूनिटी स्कूल का उद्घाटन किया गया था, धार्मिक नगरी नानकमत्ता में संचालित यूनिटी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है, इंग्लिश माध्यम से संचालित स्कूल में शुरुआती दौर में बच्चों की संख्या स्कूल की गुणवत्ता को दर्शाती है, उन्होंने बताया कि विद्यालय को शासन द्वारा मान्यता मिल गई है, शासन द्वारा मान्यता मिलने से विद्यालय प्रबंधन समिति में काफी खुशी की लहर है, विद्यालय को मान्यता मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने भी खुशी व्यक्त की है। हर्ष व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, नगर, चेयरमैन प्रेम सिंह टूरना, हरीश जोशी, पूर्व प्रधानाचार्य बलदेव सिंह हरियाण, अध्यापक शंकर दत्त शर्मा, नीलांबर जोशी आदि शामिल है।

## पेज एक का शेष...

**सीएम ने अस्पताल में...**गए थे। जिसमें से छह को एम्स ऋषिकेश और पांच को गोपेश्वर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीएम बुधवार को ही घटना स्थल पर पीड़ितों से मिलने के लिए निकले थे लेकिन खराब मौसम के चलते उन्हें वापस लौटना पड़ा। गुरूवार को सीएम ने गोपेश्वर पहुंचकर अस्पताल में भर्ती घायलों का हाल जाना और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनों को सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान चिकित्सकों से घायलों के उपचार से सम्बंधित जानकारी भी प्राप्त की। सीएम ने हादसे में अपने प्राणों की आहुति देने वाले होमगार्ड्स के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि यह भावुक क्षण शब्दों में बयान नही कर पा रहा हूं, जिन लोगों ने अपने परिजन खोए हैं उनकी पीड़ा भली-भांति समझ सकता हूं। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोकाकुल परिवारों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा कि घटना की गहनता से जांच की जाएगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है।

**चमोली हादसे पर...**अपनी वाहवाही लूटने में व्यस्त है। उन्होंने प्रदेश का हर विभाग अव्यवस्थओं से घिरा हुआ है। सरकारी तंत्र पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। हर जगह मनमानी चल रही है। जनता त्राहि त्रहि करने को मजबूर हैं। सीपी शर्मा ने कहा कि बड़े हादसे होने के बाद ही सरकर की आंख खुलती है। इतने बड़े हादसे के बाद भी सरकार ने अभी तक हादसे के जिम्मेवार लोगों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया है। हर मामले में सरकार जांच की बात कहकर मामले में लीपापोती का प्रयास करती है। कांग्रेसियों ने हादसे के जिम्मेवार लोगों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर पार्षद मोहन खेड़ा, सुनील आर्य, गोपाल भसीन, ममता रानी, दीप्ती गर्ग, अर्जुन विश्वास, बाबू विश्वकर्मा, ज्योति टम्टा, सपना गिल, शुभम रस्तौगी, कमल सैनी,वीरेन्द्र कोली, कुंवर पाल, पप्पू कोली, प्रेम कोली, नवीन पंत, कृष्ण कोली, हरिया कोली, कोमिल राम कोली, भगवान दास कोली, सुरेश कोली, सुरेश यादव, हरिराम राजपूत, ओमप्रकाश, छत्रपाल, जलील अहमद, आलोक, प्रेम, दिलशाद अहमद, उमा सरकार, बॉबी सरकार, अमन जौहरी, रमेश बोरा, भूपेन्द्र कुमार, सतीश, सुरेश, अनिल साहनी आदि समेत तमाम कांग्रेसी थे। **सितारगंज**- चमोली में नमामि गंगे परियोजना की साइट पर करंट लगने से हुई 16 लोगों की मृत्यु पर दुख एवं आक्रोश प्रकट करते हुये नगर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री का पुतला फूका। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से नैतिकल के आधार पर इस्तीफा देने, मृतकों के परिजनों को 25, 25 लाख रुपये मुभावना देने की मांग की। कांग्रेसजनो ने कल देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर एवं कार्यकताओ पर लाठीचार्य किए जाने की भी निन्दा की। इस मौके पर नगराध्यक सरताज अहमद, ब्लाक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह हैप्पी, शक्तिफार्म ब्लाक अध्यक्ष उत्तम आचार्य, महिला ब्लाक अध्यक्ष जानकी कोहली, रामनगीना प्रसाद, हरपाल सिंह, करन जंग, शाकिर अली, हसनैन मलिक,जिलानी अंसारी, मुखत्यार अंसारी, विपिन खोलिया, आजम मलिक, वसीम मियां, सद्दाम मलिक, अलका देवी, देवकी देवी, चरनजीत कौर, गुरजीत कौर, सीता, दीपा, ज्ञानी देवी, अब्दुल वहीद आदि लोग मौजूद रहे।

**उत्तराखंड की बेटियां....**भी बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। श्री धामी ने सभी छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। भारत भूषण चुघ ने कहा कि रेजिडेंशियल स्कूल बड़ा मंच है जो सभी के लिए अवसर खोलता है। जहां मनोरंजन के साथ बहुत कुछ सीखते हैं। उन्होंने बताया कि वैनटेज हॉल गर्ल्स रेजिडेंशियल स्कूल की 10 छात्राओं ने कतर, दोहा में आयोजित वर्ल्ड स्कॉलर कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस प्रतियोगिता में वाद- विवाद, लेखन और प्रश्नोत्तरी शामिल थी। कतर जाने से पहले देश की इन बेटियों ने मसूरी राउंड में भाग लिया और फिर दोहा के लिए क्वालीफाई हो गईं। दोहा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उन्होंने अंतिम और फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया, जो येल यूनिवर्सिटी, यूएसए में होगा । श्री चुघ ने बताया कि प्रत्येक छात्रा ने पदक जीता। श्री चुघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बताया कि छात्राओं ने पदक भी जीते हैं उनमें उनकी पुत्री नव्या चुघ ने पांच पदक जीते जबकि हरियाणा की हिरल जसूजा ने 6 पदक, उत्तराखंड की मान्या भाटिया ने 6 पदक, उत्तर प्रदेश की अग्रिमा तोलानी ने 4 पदक, पश्चिम बंगाल की अरात्रिका घोष ने 4 पदक, उत्तराखंड की मार्था ने 2 पदक, लीशा गोयल ने 2 पदक, अंडमान निकोबार की श्रेया सिकदार ने 3 पदक, उत्तराखंड की सांची सिंघल ने 2 पदक, हिमाचल प्रदेश की हरमन बत्रा ने 3 पदक जीते। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचने पर, विभिन्न देशों के छात्रों ने जीवंत माहौल में बेटियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक विविधता विस्मयकारी थी। विचारों का आदान-प्रदान किया और उनके अद्वितीय दृष्टिकोण के बारे में सीखा। शैक्षणिक पहलू से परे, सांस्कृतिक विसर्जन अनुभव का मुख्य आकर्षण था। बेटियों ने स्थानीय रीति-रिवाजों को अपनाया, पारंपरिक व्यंजन आजमाए और कतर की सुंदरता का पता लगाया। संस्कृतियों के आदान-प्रदान ने आपसी सम्मान को बढ़ावा दिया। जैसे-जैसे प्रतियोगिता चरम पर पहुंची, उत्साह देखते ही बन रहा था। परिणामों के बावजूद, बेटियों को उपलब्धि और व्यक्तिगत विकास की गहरी अनुभूति महसूस हुई। एक अद्भुत अनुभव के बाद बेटियों ने इस स्कूल को गौरवान्वित किया। कोर्डिनेटर रितु शर्मा ने बताया कि देश की बेटियों ने प्रतियोगिता के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति प्रस्तुत कर 18 देशों से आए करीब तीन हजार विद्यार्थियों में अपनी अमिट छाप छोड़ी। साथ ही छात्राओं ने स्वदेशी सामान का स्टॉल भी लगाया।

**सामिया बिल्डर्स के ...**से मारने की धमकी दी गई। खीमनाथ का आरोप है फर्जी नक्शों के आधार पर लोगों से धोखाधड़ी कर पैसा हड़पा जा रहा है। वहीं एक अन्य दर्ज रपट में देव सिंह खोलिया पुत्र स्व. हजूर सिह खोलिया निवासी निकट शिव मन्दिर कंजाबाग रोड उमरुखुर्द खटीमा ने सामिया इन्टरनेशनल बिल्डर्स रूद्रपुर के विरूद्ध दर्ज रपट में आरोप लगाया है कि सामिया इन्टरनेशनल बिल्डर्स द्वारा उसका फ्लैट बुक करने के उपरान्त उससे 12 लाख रूपये की धनराशि लेका हड़प ली । फ्लैट की मांग करने तथा अदा की गयी धनराशि की मांग करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इधर परवेज आलम पुत्र मोहम्मद हसन निवासी सामिया लेक सिटी ने सामिया बिल्डर्स के मालिक जमील अहमद खान पुत्र रजा खान, डायरैक्टर सगीर अहमद खान पुत्र शकील अहमद खान, मो. हासिम, चमन गुर्जर, सैफउल्ला, तस्लीम, अकिल अहमद, व कम्पनी में काम करने वाले अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि अभिगणो द्वारा उससे सामिया लैक सीटी ग्राम दानपुर रुद्रपुर स्थित भूमि खेत संख्या 349 के अन्तर्गत निर्मित आवासीय कालोनी के सरयू अपोर्टमैंट के अन्तर्गत एक फ्लेट 8.27 हजार में उसे विक्रय किया गया। परन्तु कब्जा देने के लिए टालमटोल करते रहे। उसका आरोप है कि एक ही सम्पत्ति को अनेक लोगों के पक्ष में विक्रय कर फर्जी व कूटरचित नक्शे उसी जमीन पर प्राप्त कर उससे धोखाधडी से रूपये हड़प लिए। उनके द्वारा प्लाट पर कब्जा नहीं दिया गया व अपने रूपये वापस मांगने पर जानमाल की धमकी दी गई।

**दस लाख की स्मैक...**सहित पकड़ा था। उसे स्मैक अतीक नामक व्यक्ति फतेहगंज पश्चिम बरेली से आकर बहेडी बस अड्डे पर दे जाता है जहाँ से वह स्मैक की सप्लाई जनपद उधम सिंह नगर, हल्द्वानी व पहाडी जनपदों को करता है। पुलिस के मुताबिक 13 जून को हल्द्वानी के 2 लड़के इस तस्कर से स्मैक खरीदकर ले गये थे जिसमे पुलभट्टा थाने पर उसके खिलाफ मुकदमा लिखा गया था तब से उसने अपना मोबाईल फोन फेक दिया था और दूसरा नया फोन लेकर चला रहा था । बुध वार को भी यह सिरौलीकला में किसी को स्मैक देने आ रहा था कि तभी वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया। अभियुक्त से बरामद स्मैक की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रूपये आंकी गयी है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट के अलावा उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह रिंगवाल, एसआई दीपा अधिकारी, हेड कांस्टेबल फिरोज खान, का० ललित चौधरी, का दीपक विष्ट, का0 चारू पन्त आदि शामिल रहे।

**खुद को एसओजी कर्मी....**फरार हो गये। उक्त लोग गाड़ी छोड़ने के लिए पैसे की मांग कर रहे थे। मामले में कमलेश कश्यप की ओर से दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया और मामले की छानबीन शुरू की। घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की गयी थी। एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने मामले में छानबीन करते हुए आरोपी आफताब पुत्र मो0 अली निवासी-विवेक नगर वार्ड नं0-9 ट्राजिट कैम्प, जलीस अहमद उर्फ सलमान पुत्र फरजन अली निवासी - वार्ड नं0-15 पहाड़गंज रुद्रपुर और मो0 हनीफ उर्फ गुड्डु पुत्र सद्दीक अहमद निवासी वार्ड नं0-15 पहाड़गंज रुद्रपुर को काशीपुर रोड फ्लाईओवर के पास लूटी गयी बोलेरो और लूट में प्रयुक्त स्कार्पिओ संख्या यूके18डी4683 के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये आफताब का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है इसकी जानकारी जुटायी जा रही है। पकड़ने वाली टीम में सिडकुल चौकी प्रभारी पंकज कुमार, उपनिरीक्षक हेमचन्द्र सिंह ,हेड कांस्टेबल भुवन पाण्डेय , कांस्टेबल नीरज भोज ,गणेश पाण्डेय ,राजेन्द्र कश्यप ,मोहन बोरा ,ललित कुमार आदि शामिल थे।

**फैक्ट्री की लिफ्ट में ...**की। हंगामा बढ़ता देख प्रबंधकों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंच गई और आक्रोशित श्रमिकों को समझा बुझा कर शांत करने का प्रयास किया गया। श्रमिकों का आरोप है कि कंपनी में श्रमिकों का शोषण किया जा रहा। ड्यूटी के दौरान कोई हादसा हो जाता है तो उसका इलाज या मुआवजा कंपनी अपने पैसों से नहीं करती बल्कि श्रमिकों से चंदा इकट्ठा करके करती है। श्रमिकों ने कंपनी प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाए। श्रमिकों का कहना था कि हादसे के शिकार श्रमिक राहुल के माता-पिता नहीं है वह मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने छोटे भाई बहनों का भरण पोषण कर रहा था। उसकी दो छोटी बहनें और एक छोटा भाई है। राहुल की मौत के बाद उसके छोटे भाई बहनों के भरण पोषण का संकट आ गया है। श्रमिकों ने मृतक के परिवार के भरण-पोषण के लिए तत्काल मुआवजे की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में जितेंद्र, नन्हे, विनोद कुमार, विजय, मोहित, मनोज, अभिषेक, शिव बहादुर, रामचंद्र, अंकित, सौरभ, सुरेश कुमार आदि शामिल थे।

**कालोनाईजर के खिलाफ...**से स्वीकृति नहीं ली गई थी। जिस कारण यहां रहने वाले लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। जिसके लिए लोगों ने स्थानीय पार्षद, मेयर, विधायक से मुलाकात की परंतु परिणाम नकारात्मक रहा। उनका कहना है यहां रहने वाले अधिकांश लोग सिड़कुल कर्मी हैं। बरसात के दौरान पूरा क्षेत्र जलमग्न हो जाता है। जिस कारण बच्चों, महिलाओं, कर्मचारियों के साथ ही आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। निगम का कूड़ा उठाने वाला वाहन यहां कभी भी नहीं आता हैं। उनका आरोप है भूखण्ड बेचने के दौरान प्रोपर्टी डीलरों द्वारा प्रदर्शित नक्शे में पक्की सड़क, पार्क,नालियां आदि दिखाया गया था। लेकिन उस भूमि को भी विक्रय किया जा रहा है। जिससे गंदे पानी की निकासी पूरी तरह से बंद हो गई है। जिस कारण डेंगू रोग फैलने का खतरा मंडरा रहा है। उच्च शक्ति की विद्युत लाईन के नीचे भी भवन निर्माण कराये जा रहे हैं। ज्ञापन में जिलाधिकारी से क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान कराने की मांग की गई है। प्रदर्शन करने वालों में हरीश सिंह, दलीप सिंह, हरीश दानी, प्रकाश सिंह, गंगा दत्त, रामकृष्ण, आनंद रावत, देवकी नंदन, दीवान बिष्ट, विमला जोशी, माया बिष्ट, कमला भट्ट, मानवती आर्य, संगीता यादव, रानी शर्मा, कविता देवी, अनीता देवी, ममता देवी, संगीता चौरसिया आदि शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
CONSTRUCTING HAPPINESS
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000